### जलचर प्राणियों की प्रजनन प्रक्रिया भी की जा रही अनदेखी

# खनिज विभाग के मिले संरक्षण के बलबूते खेल मैदान पर किया रेत का अवैध भंडारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तामिया तहसील में रेत के अवैध व्यवसाय एवं उत्खनन परिवहन पर रोक लगाने के लिए तैनात खनिज निरीक्षक की हठ धर्मिता एवं रेत चोरी करने वालों को संरक्षण दिए जाने की जो पूर्व में चर्चा थी, वह अब सच साबित होती नजर आ रही है क्योंकि खनिज निरीक्षक को समय-समय पर हो रही रेत चोरी पर अंकुश लगाने के लिए शासन से मिले अधिकार एवं वाहन सैनिक प्राप्त होने के बावजूद क्षेत्र में उपस्थिति दर्ज करने लायक ही दौरा करती हैं। जबकि रेत चोरी की शिकायत सीएम हेल्पलाइन में भी एक महापूर्व की गई है, लेकिन करवाई करने के मूड में शायद नहीं है। रेत चोरी के पुख्ता सबूत पिछले दिनों तहसीलदार एवं टीआई ने दिन के उजाले में रेत के वाहन पकड़ कर थाने में खड़े किए इसके बाद भी आगे कार्रवाई नहीं किया जाना खनिज विभिग की कार्यप्रणाली पर सवाल तो करता है, जबकी दिन रात रेत के वाहन रेत लेकर निकल रहे हैं। यहां तक तो ठीक है लेकिन रेत चोरों को मिले खुले संरक्षण के नतीजन अब हर निर्माण कार्य स्थल पर तामिया में जगह-जगह रेत के अवैध भंडारण रेत बेचने वाले और ठेकेदारों ने ढेर लगा रखें है क्योंकि इनको पता है कि खनिज निरीक्षक कार्रवाई करने के लिए अपने आप को कभी शासन से मिले पूरे अधिकारों के बावजूद सक्षम साबित नहीं कर पाई। अब कारण जो भी हो ऐसा ही एक उदाहरण मिडिल स्कूल में स्थित बालक छात्रावास निर्माण कार्य स्थल के पास वर्तमान में संचालित बालक छात्रावास गेट के सामने रेत का अवैध भंडारण ठेकेदार द्वारा शायद इन्हीं के बलबूते मुख्य मार्ग से दिखने वाले छात्रावास पर रेत के ढेर लगा रखे। ऐसे ही छात्रावास निर्माण,आईटीआई, भारिया जनजाति म्यूजियम,सीएम राईज स्कूल, मंगल भवन निर्माण स्थल पर सैकड़ों घनी मीटर रेत के भंडारण निर्माण स्थलों पर देखे जा सकते हैं। यह सिलसिला महिनो से जारी है लेकिन खनिज निरीक्षक ने कभी सड़क किनारे दिखने वाले निर्माण स्थलों पर भी रेत की पूछताछ करने की जहमत नहीं उठाई।वर्तमान में वर्षा काल में जलचर प्राणियों की प्रजनन प्रक्रिया के चलते देशभर में रेत के खनन पर पूर्णतः प्रतिबंध एनजीटी द्वारा लागू किया जाता है, उसकी भी खनिज निरीक्षक को चिंता नहीं है।

## 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाएगी भाजपा

**छिंदवाड़ा।** प्रतिवर्ष 25 जून को भाजपा काला दिवस और संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाती है। 25 जून 1975 को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी द्वारा संविधान की हत्या कर 'आपातकाल' लगाया था। आपात काल के दौरान सभी विपक्षी पार्टी के सदस्यों और कार्यकर्ताओं को जेल में बंद कर दिया गया था। इस वर्ष आपात काल के 50 वर्ष पूरे हो रहे है। 25 जून को जिला भाजपा कार्यालय में आपात काल पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आपात काल एवं संविधान हत्या दिवस के कार्यक्रम हेतु भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव द्वारा वरिष्ठ भाजपा नेता विजय पांडे को जिला संयोजक एवं अजय सक्सेना को सह संयोजक नियुक्त किया गया है। जिला संयोजक विजय पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 जून को जिला भाजपा कार्यालय में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आपातकाल दिवस और संविधान हत्या दिवस पर आपात काल की विभीषिका को प्रदर्शित करती हुई प्रदर्शनी लगाई जाएगी। आपातकाल की इस प्रदर्शनी का उद्घाटन बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल एवं भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव द्वारा दोपहर 12 बजे किया जाएगा। इसके उपरान्त लोकतंत्र के सेनानियों का सम्मान समारोह एवं आपातकाल पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस संगोष्ठी में बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। श्री पांडे ने बताया कि संगोष्ठी में लोकतंत्र के सेनानी आपातकाल के अनुभव और तत्समय उनके ऊपर ढाए गए जुल्मों को उपस्थित जनों के साथ साझा करेंगे।

### स्वच्छता कोऑर्डिनेटर की कार्यालय से ही मॉनिटरिंग का है नतीजा

## एक वर्ष बाद भी नहीं लग पाए डोब पंचायत में स्वच्छता के लिए खरीदे गए डस्टबिन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया जनपद पंचायत की अधिकांश ग्राम पंचायतो के सचिव अपनी ग्राम पंचायत को मनमाने तरीके से संचालित करते चले आ रहे हैं क्योंकि इनकी भ्रष्टाचार की कमाई में सभी बराबर के हिस्सेदार जो बन बैठे हैं, उसी का फायदा खुलेआम उठाकर मनमाना रवैया अपनाये हुए हैं जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। इसी जनपद की ग्राम पंचायत डोव सचिव का जो रसूखदार है, वह अपनी मनमानी के लिए जग जाहिर भी है उनकी मनमानी आर्थिक लाभ लेने तक तो ठीक है। लेकिन प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन जैसे महत्वपूर्ण योजना का भी माखौल उड़ाने से बाज नहीं आ रहे हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत इसी ग्राम पंचायत के ग्राम डोब, खमडोरा, हीररी, जमुनिया, गांव के सार्वजनिक स्थान स्कूल आंगनबाड़ी जैसे स्थान को स्वच्छता मिशन के तहत डस्टबिन टांगना था जिसमें लोग गीला सूखा कचरा डस्टबिन में डालें इसके लिए दर्जनों डस्टबिन खरीदे गए थे, लेकिन एक वर्ष पूर्व खरीदे गए इन डस्टबिनों को सार्वजनिक स्थानो स्कूलों आंगनवाड़ी मैं टांगने के बजाय सचिव ने पंचायत में अनावश्यक रूप से भंडारण कर रखा है जिससे पंचायत में आने वालों को परेशानी का भी सामना करना पड़ रहा है।

डोब सचिव ने डस्टबिन लगाने की बजाय कमीशन लेने में ज्यादा विश्वास रखा जिसका नतीजा है, स्वच्छता मिशन की खुलेआम धज्जियां उड़ते इस ग्राम पंचायत में देखी जा सकती है, लेकिन सवाल यह उठता है कि स्वच्छता मिशन के लिए हजारों रुपया महीने का वेतन लेने वाले स्वच्छता कोऑर्डिनेटर भी क्या इनके कमीशन के बोझ तले दबे है या फिर वे कभी ग्राम पंचायत में स्वच्छता का हाल देखने नहीं पहुंचते हैं। उनके नहीं पहुंचने का प्रत्यक्ष उदाहरण ग्राम पंचायत में पड़े डस्टबिन के भंडार स्वच्छता की कहानी खुद बयां कर रहे हैं।

# सांसद ने निर्माण कार्यों की लेटलतीफी पर जाहिर की नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

माचागोरा पेंच व्यपवर्तन परियोजना एवं कन्हान कॉम्पलेक्स के अंतर्गत चल रहे नेहरों एवं लिफ्ट एरीगेशन सहित अन्य निर्माण कार्यों को लेकर सोमवार को सांसद बंटी विवेक साहू ने सांसद कार्यालय में परियोजना के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने इस परियोजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की लेट लटीफी पर नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो ठेकेदार निर्माण कार्यों में लापरवाही बरत रहे या समयसीमा में कार्य पूर्ण नहीं कर रहे तो उन्हें टर्मिनेट करते हुए ब्लैक लिस्ट किया जाये।

सांसद श्री साहू ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन नहरों का काम पूर्ण नहीं हो पाया है उन्हें शीघ्र पूर्ण करें साथ ही जो नहरे टुटी हुई है या जिन नहरों से पानी का रिसाव हो रहा है उन्हें भी जल्द ठीक कराए। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि माईक्रो वन के अंतर्गत चौरई से जमुनियां - गोपालपुर तक जो गांव छूट गये है उन्हें शीघ्र परियोजना में शामिल कर वहां भी लिफ्ट एरीगेशन से जोड़ा जावें एवं चौरई बरेलीपार के आस-पास के लगभग 12 ग्रामों को माचागोरा डेम का पानी कैसे पहुंचे इस संबंध में चर्चा की गई।

सांसद श्री साहू ने कन्हान काम्पलेक्स के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस परियोजना में चौरई, बिछुआ एवं चांद के कई गांव जिसमें बिछुआ के ग्राम गुमतरा, पातरी, बंधान, चांद के ग्राम रमपुरी टोला, बांसखेड़ा, डोलपुर, कोकीवाड़ा, साजपानी, मदरिया, हलाल, कोना पिण्रई, जमतरा, कुम्भपानी एवं छिन्दवाड़ा पांढुर्णा जिले के ऐसे गांव जो पानी से वंचित रह रहे है।

## जिले में अभी तक 74.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 74.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 107.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 23 जून 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 3.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 23 जून 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 5.2, मोहखेड़ में 01, अमरवाडा में 5, चौरई में 5, हर्रई में 5.6, परासिया में 6.1, जुन्नारदेव में 5.4 और उमरेठ में 5.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 83.8, मोहखेड़ में 68.1, तामिया में 75, अमरवाड़ा में 72.6, चौरई में 60.6, हर्रई में 106.6, बिछुआ में 49, परासिया में 65.2, जुन्नारदेव में 59.8, चांद में 77.2 और उमरेठ में 105.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## वैश्य महासम्मेलन के सदस्य शोक संतप्त परिवार में संवेदना व्यक्त करने पहुंचे

**छिंदवाड़ा।** वैश्य महासम्मेलन छिंदवाड़ा के सदस्य और प्रमुख पदाधिकारीगण सर्वश्री राजेंद्र बाकलीवाल, खुशाल अग्रवाल और अंकुर शाह आऊ के यहां सांत्वना देने पहुंचे। उल्लेखनीय है कि विगत 9 जून 2025 को वैश्य महासम्मेलन छिंदवाड़ा के सदस्य श्री अंकुर शाह आऊ के भ्राता श्री कमलेशजी शाह का तथा दिनांक 12 जून 2025 को श्री राजेंद्रजी बाकलीवाल की मातृश्री श्रीमति कमलादेवीजी बाकलीवाल का और दिनांक 16 जून 2025 को वरिष्ठ सदस्य श्री खुशाल अग्रवाल जी की सहधर्मिणी श्रीमति तरुणा जी अग्रवाल का दुःखद निधन हो गया था। सदस्य के परिवार में गमी होने पर वैश्य महासम्मेलन के सदस्यगण शोक संवेदनाएं व्यक्त करने सामूहिक रूप से जाते है। इसी परम्परा का निर्वहन करने सर्वश्री विजय झांझरी, जे पी नेमा, नीरज भारद्वाज, अनिल सिंघई, नितिन जैन नाना, राजेश सोनी मार्बल वाले, अशोक पाटोदी, संदीप जैन, नीलेश जैन, मुकुंद अग्रवाल, अनिल जैन शिक्षक, विकास वात्सल्य, चैनकुमार जैन, सुनील जैन, अरुण शाह आऊ, अजय पिंटू चौरसिया, पंकज जैन, संजय साहू, चेतन जैन चानी, शैलेन्द्र जैन एम आर, विशाल माहेश्वरी, मनीष गुप्ता, श्रीराम सोनी, कुंज राठी, पंकज भारद्वाज नटवर जाखोटिया, मनमोहन चांडक, सुरेंद्र जैन विजको आदि सदस्य तीनों परिवारों में बैठने गए एवं शोक संवेदनाएं व्यक्त किए।

# किसानों ने श्रीराम ड्रिपइट वेजिटेबल के साथ सफलता का लहराया परचम

### मेगा किसान बैठक में मनाया गया जश्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶

श्रीराम फार्म टीवी सॉल्यूशन्स (एसएफएस) ने 18 जून को महाराष्ट्र के अमरावती जिले के मोर्शी में एक भव्य मेगा किसान बैठक का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र और पड़ोसी मध्य प्रदेश के 300 प्रगतिशील किसानों और छह प्रमुख डीलरों ने भाग लिया।इस बैठक का मुख्य आकर्षण श्रीराम ड्रिपइट वेजिटेबल था, जो विशेष रूप से उच्च-मूल्य वाली सब्ज़ी फसलों, खासतौर पर मिर्च और टमाटर जो इस कार्यक्रम की मुख्य फसलें थीं, की खेती को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है।कार्यक्रम के दौरान कई किसानों ने अपनी प्रेरक सफलता की कहानियां साझा कीं। इनमें से एक, मोर्शी, अमरावती के प्रगतिशील किसान अंकुश ताइवाड़े ने बताया कि कैसे ड्रिप सिंचित मिर्च के खेतों में श्रीराम ड्रिपइट वेजिटेबल के उपयोग से उनकी उपज में 20–25% की वृद्धि हुई। ड्रिप लाइनों के तहत पोषक तत्वों की सटीक आपूर्ति ने उनकी मिर्च को स्वस्थ, चमकदार और 9–10 सेमी की लंबाई का बना दिया, जो उन्हें बाजार में प्रीमियम दर पर बेचने में मददगार साबित हुई।एक अन्य किसान, देवेंद्र टिपरे ने मिर्च में पहले और स्वस्थ फलने की प्रक्रिया देखी, जिससे अधिक तुडाई और बेहतर उपज ने उनकी लाभप्रदता बढ़ा दी। उन्होंने पौधों के आकार में समानता, मिर्च के बेहतर रंग, बनावट और शेल्फ लाइफ को भी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा, "हर पौधा समान प्रतिक्रिया दे रहा था," जिससे बाजार-ग्रेड गुणवत्ता में सुधार हुआ।भूषण देशमुख, जो लोकप्रिय नर्सरी भूमिपुत्र हाईटेक नर्सरी के मालिक हैं, ने श्रीराम ड्रिपइट वेजिटेबल के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। उन्होंने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के अपने जुड़े हुए किसानों के अद्भुत परिणामों का अनुभव साझा किया।



## होटल ढाबा संचालकों के विरुद्ध आबकारी दल ने की कार्यवाही

**छिंदवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी श्री अजीत एक्का के मार्गदर्शन में शहर के आबकारी अमले द्वारा गत दिवस सायंकाल को होटल ढाबा संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में शहर और रिंगरोड के आसपास संचालित आदित्य ढाबा, उड़ता पंजाब ढाबा, खालसा ढाबा, शुक्ला ढाबा, मलंग ढाबा के संचालकों के विरुद्ध प्रकरण कायम कर कुल 26 कैन बीयर, 02 बोतल स्कॉच व्हिस्की, 22 पाव अंग्रेजी व्हिस्की, 34 पाव प्लेन एवं मसाला जब्त कर आबकारी द्वारा कब्जे में ली गई। साथ ही अन्य ढाबा संचालकों को सख्त हिदायत दी गई कि ढाबा परिसर में अवैध मदिरा का विक्रय न करें, न ही मदिरापान कराया जाए, अन्यथा नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इस कार्यवाही में एडीईओ श्री कैलाशचंद्र चौहान, सुश्री भारती गोंड, आबकारी उपनिरीक्षक श्री हर्ष सोनी, सुश्री रुचि बागरी के साथ ही आबकारी अमला उपस्थित था।

### कलेक्टर ने ली समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक

# समस्याओं से अवगत कराने में कोटवार निभाएं भूमिका: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बैठक में सीएम हेल्पलाइन, सीएम कार्यालय, सीएम हाउस, विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं न्यायालयों से जुड़े लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। साथ ही विभिन्न समसामयिक एवं अंतर्विभागीय मुद्दों पर भी चर्चा की और महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

**नल-जल योजना की समीक्षा-** कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में नल-जल योजना की प्रगति की समीक्षा की। पिछली बैठक में सभी एसडीएम को निर्देश दिए गए थे कि वे गांवों में जाकर योजना के क्रियान्वयन की वस्तुस्थिति की स्वयं जांच करें। बैठक में उन्होंने जानकारी ली कि एसडीएम द्वारा पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुसार स्थल निरीक्षण किया गया या नहीं, और यदि किया गया है तो वहां कार्य की क्या स्थिति पाई गई।उन्होंने कहा कि योजनाओं की जमीनी स्थिति को जानना प्रशासन की पहली जिम्मेदारी है। अपने क्षेत्र में शासन की योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन कराने की जिम्मेदारी सभी एसडीएम की है। उन्होंने पी.एच. ई के दोनों कार्यपालन यंत्रियों से भी साप्ताहिक लक्ष्य पूर्ति की जानकारी प्राप्त की और सभी लंबित कार्य गति और गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के सख्त निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने विशेष रूप से कोटवारों की भूमिका पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव में कोटवार को इसलिए नियुक्त किया गया है ताकि वह गांव में उत्पन्न होने वाली समस्याओं, आवश्यकताओं एवं संवेदनशील घटनाओं की जानकारी से अधिकारियों को समय पर अवगत करा सकें। यह उनकी प्रमुख जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी एसडीएम से कहा कि वे कोटवार व्यवस्था को और अधिक सक्रिय बनाएं तथा कोटवारों से अनिवार्य रूप से सतत संवाद रखें।

Raja Shankar Shah University, Chhindwara
IPS COLLEGE
JOIN EXCLUSIVE COURSE
ADMISSION OPEN
MICROBIOLOGY B.Sc. Honor's / M.Sc.
BIOTECHNOLOGY B.Sc. Honor's / M.Sc.
B.Sc. Honour's Maths / Bio / Comp.
B.C.A.
B.B.A. Honour's AICTE APPROVED COURSE
B.A. Honour's
Serving Edu. for the Past 25 Years
M.Sc. CS
DCA/PGDCA
B.Com. Honour's Computer
M.Com
Excellent Placement Record
In Front of S.A.F. Gate,Parasia Road, Chhindwara | Mob.- 9752880383,9753304877, 7898075114

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
माह जुलाई 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 जुलाई से 31 जुलाई तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 27 जून 2025 तक जमा कर सकते हैं।
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर




कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ______ मो.नं. ______
पिता का नाम ______ जन्मतिथि ______
स्थान ______ जिला ______
एजेंसी का नाम ______
एजेंसी का पता ______ मो.नं. ______

नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।

हरिभूमि
ग्राहक प्रति
जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ______ मो.नं. ______
पिता का नाम ______ जन्मतिथि ______
स्थान ______ जिला ______
एजेंसी का नाम ______
एजेंसी का पता ______ मो.नं. ______

## नगर मंडल के सभी बूथों पर मनाया गया बलिदान दिवसज

# श्यामाप्रसाद मुखर्जी अमर रहे के नारे से गूंजा पुराना बस स्टैंड



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

भारतीय जनता पार्टी के पितृपुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस सोमवार को स्थानीय मुखर्जी चौक में स्थित उनकी प्रतिमा पर कार्यक्रम के संयोजक विष्णु प्रसाद शर्मा, मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी,सहित भाजपा जनों,जनप्रतिनिधियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान श्यामा प्रसाद मुखर्जी अमर रहे के नारो से बस स्टैंड गूंज उठा। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, मोनू जैन,मंडल महामंत्री अनिरुद्ध चटर्जी, नगर पालिका उपाध्यक्ष सोनिया कुमरे, अपील समिति सदस्य पार्षद संजय जैन कार्यक्रम के सह संयोजक रोहित मिश्रा, मंडल पदाधिकारी के पदाधिकारी,सभी मोर्चों के पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष,बूथ समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित रहे शक्ति केंद्र क्रमांक 5 के केंद्र क्रमांक 176 177 178 केंद्र प्रभारी अखिलेश शुक्ला पार्षद संजय जैन अनिल यदुवंशी की उपस्थितियों में केंटो पर पंडित श्याम प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पार्टी

### पंचशील उद्यान में रोप पौधे

बस स्टैंड में बलिदान दिवस मनाने के बाद भाजपा नगर मंडल ने शहर के वार्ड क्रमांक 10 में स्थित पंचशील उद्यान में 51 पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा जन मौजूद रहे।

### 51 बूथों पर मनाया गया बलिदान दिवस

भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष विवेक चन्द्रवंशी ने बताया कि बलिदान दिवस पर मंडल के सभी 51 बूथों पर मंडल की ओर से नियुक्त प्रभारियों ने बूथ अध्यक्षों और बूथ समिति के साथ मिलकर मुखर्जी जी का बलिदान दिवस मनाया ओर उनके देश भक्ति को जन जन तक पहुंचाने का प्रयास किया है आज के दिन पूरे मंडल के बूथों पर प्रकृति संरक्षण के लिए वृहद स्तर पर पौधारोपण भी किया गया है।

## भाजपा कार्यालय में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मनाई पुण्यतिथि

**बिछुआ।** भाजपा संगठन के निर्देशानुसार सोमवार को भाजपा कार्यालय बिछुआ में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई,डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के फोटो पर माल्यार्पण कर कार्यकर्ताओं के द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित कर



नमन किया गया,एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की पुण्यतिथि पर कार्यकर्ताओं के द्वारा बिछुआ नगर स्थित भाजपा कार्यालय,आयुष औषधालय,एकता प्रेस क्लब,सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में पौधा रोपण भी किया गया,एवं उक्त कार्यक्रम में विजेंद्र सिंह दीक्षित,मंगलेश दुबे,दीपिका चोपड़े के द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया एवं उनके द्वारा किए गए बलिदान को याद किया गया,अंतिम में घनश्याम पवार के द्वारा सामूहिक शपथ दिलाई गई,इसके अलावा बिछुआ/खमारपानी मंडल अंतर्गत आने वाले बूथों पर भी भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की पुण्यतिथि मनाई गई।

## श्रीब्रह्म सभा ने आयोजित किया निःशुल्क नेत्र प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



भीर नेत्र बीमारी होने पर निःशुल्क ऑपरेशन की व्यवस्थासमाज एवं क्षेत्र कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहने वाली संस्था श्रीब्रह्म सभा जुन्नारदेव द्वारा आज सोमवार को क्षेत्र के उन सभी लोगों के लिए निःशुल्क नेत्र प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया यह नेत्र प्रशिक्षण शिविर हेतु श्रीधाम शंकराचार्य नेत्रालय के 8 नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा किया गया। इस जांच शिविर में डॉ. नेमा, डॉ.साजिद खान का योगदान रहा। इस कार्यक्रम का शुभ आरंभ पूजन अर्चन के साथ किया गया इस अवसर पर ब्रह्म समाज के अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, शास्त्री प. मुन्नू महाराज, तरुण उपाध्याय, सी.पी शर्मा, राजेंद्र शर्मा,आलोक मुखर्जी, प.अभिषेक आचार्य,पवन तिवारी, योगेश रुखमांगद की उपस्थिति में किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंदों तक इलाज पहुंचाना है इस जांच प्रशिक्षण शिविर में मरीज को गंभीर नेत्र बीमारी होने पर श्रीधाम गोटेगांव में निशुल्क ऑपरेशन भी किया जाएगा।

## पौधारोपण कर मनाई शादी की सालगिरह

**दमुआ।** हमारे जीवन में वृक्ष का बहुत अधिक महत्व है। वृक्ष के बिना हम अपने जीवन की कल्पना भी नही कर सकते। जीवन शक्ति प्रदान करने वाली आक्सजीन हमे वृक्षों से ही प्राप्त होती है। प्राकृति पर नियंत्रण और जीवन शक्ति को बनाये रखने के लिए हर व्यक्ति को वृक्ष लगाना चाहिए। जिससे हमारे जीवन में हरियाली रहें। इसी संदर्भ में लायंस सेवा समिति दमुआ द्वारा वरिष्ठ जाने माने चिकित्सक डॉ. आर.के. विश्वकर्मा जी की शादी की 43 वी सालगिरह पर तथा भाई मुकेश साहू जी के 49 वे जन्म दिवस पर टी.गार्ड बनाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दमुआ प्रागंण में वृक्षा रोपण किया गया जिसमें कि आम, पीपल, नीम, गुलमोहर, अमलतास , जैसे फलदार छायादार मानव जीवन के लिए कल्याणकारी 5 पौधों का वृक्षा रोपण किया गया समिति उपाध्यक्ष डॉ. आर. के. विश्वकर्मा जी एवं श्रीमती विश्वकर्मा मेडम जी को मिष्ठान खिलाकर शादी की बधाई दी एवं भाई मुकेश साहू जी को भी मिष्ठान खिलाकर उनके जन्म दिवस की बधाई दी गई कार्यक्रम में न.पा. अध्यक्ष श्रीमति किरण खातकर, उपाध्यक्ष बबुआ कश्यप, मदन सोनी जी , राकेश खातकर जी, डॉ. राय जी, अरविन्द सिंह, रतनलाल सूर्या जी, लखन पण्डोले जी, डॉ. संदीप लोधे जी, अमित नागदौने जी, उमा खान, कन्हान प्रेस क्लब के अध्यक्ष रमेश राही, जी दुर्गासिंह राजपूत जी, गुलाब वरवडे जी, रफीक आलम, एवं यादव सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।



## भोपाल में अवार्ड से सम्मानित हुए सौंसर- रामाकोना अस्पताल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौसर और रामाकोना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नेराष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश के अंतर्गत कायाकल्पग कार्यक्रम में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक एनक्यूएएस संस्था राष्ट्रीय प्रमाणन में उत्कृष्ट कार्यों के लिए 92,81% स्कोर प्राप्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय एनक्यूएएस के द्वारा लगभग 20000 हॉस्पिटलों का गुणवत्ता निरीक्षण एवं यहां पर देने वाली सुविधाएं व्यवस्थाओं की जांच की गई थी। जिसमें से 625 क्वालिटी हॉस्पिटल का चयन किया गया है। भोपाल में सोमवार को हुए गरिमामयी कार्यक्रम में सौसर रामाकोना अस्पताल अधिकारियों उत्कृष्ट और क्वालिटी पूर्ण सेवाएं मरीजों को देने के लिए सम्मानित किया गया है। कायाकल्प एन०क्यू०ए०एस० मुस्कान, लक्ष्य मापदण्ड के अनुरूप उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्था को अवार्ड उपमुख्यमंत्री लोक स्वा० एवं चिकित्सा शिक्षा की अध्यक्षता में एवं राज्यमंत्री लोक स्वा० एवं चिकित्सा शिक्षा की उपस्थिती में राज्य स्तरीय अवार्ड समारोह का आयोजन स्वर्ण जंयति ऑडिटोरियम प्रशासनिक अकेडमी भोपाल में हुआ है। इस दौरान वरिष्ठ जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एन के शास्त्री, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौसर के बीएमओ डॉ योगेश शुक्ला, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामाकोना से डॉ प्रफुल्ल भोयर आदि ने यह सम्मान प्राप्त किया है।

## पलासपानी में संविधान सत्याग्रह को लेकर बैठक का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

सोमवार को ग्राम पलासपानी में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की खंडपीठ ग्वालियर में बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश प्रदेश स्तरीय संविधान सत्याग्रह विषय को लेकर बैठक का आयोजन किया, पलासपानी के बुद्ध विहार में बैठक सम्पन्न हुई है। बैठक को संबोधित करते हुए एससी सेल प्रकोष्ट जिला प्रभारी डॉ राजेश सोमकुंवर ने कहा कि लंबे समय से ग्वालियर हाईकोर्ट में अंबेडकर अनुयायियों एवं संपूर्ण मध्य प्रदेश और ग्वालियर क्षेत्र वासियों के द्वारा ग्वालियर न्यायालय में संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी के प्रतिमा की स्थापना करने की मांग की जा रही है। परंतु तथा अतीत संविधान विरोधी एवं डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के विरोधी योग के द्वारा इस प्रतिमा की स्थापना वहां पर होने नहीं दी जा रही है। संविधान सत्याग्रह एवं संविधान निर्माता डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर जी की प्रतिमा ग्वालियर के साथ ही सभी न्यायालय में लगाई जाए इस उद्देश्य को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर बैठके की जा रही है।यदि ग्वालियर न्यायाली में जल्द से जल्द संविधान निर्माता डॉ बाबा साहब अंबेडकर जी के प्रतिमा की स्थापना नहीं की गई तो सौसर मैं भी उग्र आंदोलन किया जाएगा,इस दौरान विधायक विजय चौरे,ब्लॉक अध्यक्ष डॉ.राजेंद्र येमदे,निरंजन बागड़े सरपंच,गोमा उइके, चंद्रशेखर उइके,पंकज बंसोड सूरज बागड़े आदि उपस्थित थे।

## लक्ष्मीकांत गोलू नागरे बने पवार समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



**बिछुआ।** राष्ट्रीय पंवार क्षत्रिय महासभा भारत के तत्वावधान में गोंदिया (महाराष्ट्र) में मुख्य अतिथि श्रीमती भारती पारधी जी सांसद, पूर्व मंत्री श्री गौरीशंकर जी बिसेन,पूर्व सांसद श्री बोधसिंह जी भगत, विधायक विजय भाऊ राहंगडाले जी, विधायक श्री गौरव पारधी जी,पूर्व विधायक ओंकार सिंह बिसेन,हेमंत भाऊ पटले,पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री टी.डी.बिसेन जी,पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष मुरलीधर टेम्भरे जी, वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नंदलाल जी चौधरी एवं समाज के विशिष्ट जनों की उपस्थिति में आयोजित शपथ ग्रहण एवं राष्ट्रीय आमसभा कार्यक्रम में छिन्दवाड़ा जिलें से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री लक्ष्मीकांत गोलू नागरे जी एवं महिला समिति सहसचिव पद पर श्रीमति दीपिका महिपाल चोपड़े जी एवं युवा समिति सहसचिव पद पर श्री सुरेन्द्र चौधरी जी इन्होंने दायित्व हेतु पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

## छिंदवाड़ा के अग्निवीर प्रदीप का गांव में भव्य स्वागत

**जुन्नारदेव।** जनपद पंचायत जुन्नारदेव की ग्राम पंचायत घुट्टी में देशसेवा की भावना से ओतप्रोत होकर अग्निवीर की ट्रेनिंग पूरी कर लौटे प्रदीप साहू पिता राम प्रसाद साहू का ग्रामवासियों ने भव्य स्वागत किया। ग्रामवासी एवं पंचायत सचिव ने मिलकर माला पहनाकर एवं ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ प्रदीप का जोरदार अभिनंदन किया। भारतीय सेना में अग्निवीर योजना के तहत चयनित होकर सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण किया है। गांव में लौटने पर देशसेवा के इस जज्बे को सम्मानित करते हुए ग्रामीणों ने गर्व और उत्साह के साथ उनका स्वागत किया। इस अवसर पर गांव के वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं, महिलाओं एवं पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रदीप को शुभकामनाएं दी गईं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। गांव के लोगों ने प्रदीप की इस उपलब्धि को पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्रोत बताया।



## मिरगपुर पीएम श्री स्कूल में मनाया गया अंतराष्ट्रीय योग दिवस



हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

पीएमश्री शासकीय उच्च.माध्य विद्यालय मिरगपुर में 21 जून शनिवार को अंतराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस दौरान स्कूल के छात्र छात्राओ एंव शिक्षको के द्वारा योग अभ्यास किया गया एंव योगासन के पुरे आसन किए गए। जिसमे ताड़ासन, वक्षृसन, लोम विलोम, सुर्य नमस्कार सहित योगासन के अन्य आसन को किया गया । इस दौरान प्राचार्य एस आर बिसेन ने योग के महत्व को बताया की जीवन में बदलाव के लिए योग जरूरी है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग करना आवश्यक है, योग से शरीर में सकारात्मक बदलाव होता है । मन और शरीर स्वस्थ रहता है। सरपंच दिपक देशमुख ने योग अभ्यास कर योग के महत्व विस्तृत रूप से बताया, स्वास्थ शरीर के लिए रोज योग करने के लिए सबको प्रेरित किया।इस अवसर पर सरपंच दिपक देशमुख, प्राचार्य एस आर बिसेन, पीटीए अध्यक्ष मिलिंद वासनिक, जप.सदस्य आलोक पाटील, योग शिक्षक यादेश रागडांले शैलेंद्र मेश्राम, विजय भगत, बज्रेश नागदेवे सहित अन्य शिक्षक एंव छात्र छात्राए मौजूद रहे।

## जनपद सीईओ और जांच अधिकारी कहते हैं सूचना का अधिकार लगाओ, जाँच रिपोर्ट पाओ

# क्या हुआ शिकायत की जांच में, शिकायतकर्ताओं को नहीं पता



**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** जनपद पंचायत लालबर्रा अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत अमोली एक बार फिर फिर सुर्खियों मे है। विवाद रुकने का नाम नहीं ले रहा है मामला अमोली सरपंच और सचिव द्वारा ग्राम पंचायत की बगैर बैठक लिए राशि का आहरण किया गया है जिसकी शिकायत ग्राम पंचायत के पंचों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी लालबर्रा से की थी।शिकायत की जाँच, जांच दल द्वारा शिकायतकर्ताओं के समक्ष हो चुकी है लेकिन महीनो गुजर गया शिकायत पर जांच का अभिमत आज दिनांक तक शिकायतकर्ताओं को प्राप्त नहीं हो सका है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि अमोली के पंचों द्वारा प्रस्तुत शिकायत की जांच में जांच अधिकारियों द्वारा डुलमुल रवैया अपनाया गया, शिकायतकर्ताओं को गुमराह किया जा रहा है शिकायतकर्ताओं को शिकायत की जांच का प्रतिवेदन नहीं दिया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी लालबर्रा का कहना है कि सूचना का अधिकार लगाओ जब ही शिकायत का जांच प्रतिवेदन ( अभिमत ) दिया जाएगा .. सवाल यह है कि क्या.. शिकायतकर्ता को अपनी शिकायत पर की गई जांच का प्रतिवेदन पाने का अधिकार नहीं है। कि उनकी शिकायत पर क्या जांच हुई क्या तथ्य सामने आए। नियम तो यह कहता है कि कोई भी शिकायतकर्ता किसी भी विभाग से संबंधित शिकायत प्रस्तुत करता है तो उसे जांच प्रतिवेदन जानने का अधिकार है।

पंच तूफान गुप्ता द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत अमोली के 20 पंचों द्वारा सरपंच किशोर पडवार क्रो4 मार्च 2025 को अविश्वास प्रस्ताव लाकर हटा दिया गया था एवं सरपंच हेतु अनुसूचित जनजाति वर्ग से श्रीमती सुकवन समनपुरे को कार्यवाहक सरपंच मनोनयन किया गया था। नवनियुक्त कार्यवाहक सरपंच श्रीमती सुकवन समनपूरे द्वारा बिना ग्राम पंचायत की बैठक बुलाए एवं निर्वाचित सरपंच किशोर पडवार ने प्रभार की जानकारी दिए बिना अनाधिकृत रूप से वित्तीय आहरण कर रही थी जोकि मध्य प्रदेश ग्राम पंचायत राज्य अधिनियम के प्रावधानों के विरुद्ध है चुंकि नव मनोनीत कार्यवाहक सरपंच सुकवन समनपूरे को भले ही जानकारी नहीं है किंतु सचिव और सहायक सचिव सारी जानकारियां रहती है।

### इनका कहना है

2 महीना गुजर गया लेकिन हमारे द्वारा की गई शिकायत का जांच प्रतिवेदन हमें आज तक नहीं दिया गया शिकायत में क्या तथ्य सामने आए यह जानकारी हमें नहीं है 10 से 12 बार कार्यालय जनपद पंचायत गए और जांच अधिकारी से जांच में क्या हुआ जानने के लिए मिले लेकिन जांच अधिकारियों का कहना है की सूचना का अधिकार लगाओ जब ही जांच प्रतिवेदन मिलेगा ऐसा नियम नहीं है शिकायतकर्ता को शिकायत काजाँच प्रतिवेदन जानने का अधिकार है। लालबर्रा जनपद में कैसे नियम चल रहे हैं समझ से परे है।

**तूफान गुप्ता (पंच)**
**ग्राम पंचायत अमोली**

## राष्ट्रीय पवार क्षत्रिय समासभा का सागर बिसेन को बनाया गया राष्ट्रीय सचिव



हरिभूमि न्यूज खैरलांजी ।

राष्ट्रीय पवार क्षत्रिय महासभा भारत के तत्वावधान में गोंदिया में 22 जून रविवार को कार्यकारिण का विस्तारीकरण ,शपथ ग्रहण एंव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान बालाघाट भजियादंड से समाजसेवी सागर बिसेन को राष्ट्रीय पवार क्षत्रिय महासभा का राष्ट्रीय सचिव बनाया गया। यह जानकारी नव नियुक्त राष्ट्रीय सचिव सागर बिसेन ने दि। उन्होंनो बताया की संगठन के द्वारा महासभा का राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। दि गई जिम्मेदारी व दायित्व को पूरी निष्ठा से निवार्ह किया जाएगा। समाज के उत्थान और विकास में योगदान दिया जाएगा एंव शिक्षा के स्तर को बढ़ने के साथ साथ समाज को आगे आने के लिए काम किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व केबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन, बालाघाट सिवनी सासंद साधना भारतीय,कटंगी खैरलाजी विधायक गौरवसिंह सिंह पारधी, विजय राहंगडाले विधायक तिरोडा,पूर्व सांसद बालाघाट बोध सिंह भगत, तानूभाऊ पटले पूर्व विधायक तिरोडा, ओमप्रकाश बिसेन पूर्व विधायक वारासिवनी सहित संगठन के पदाधिकारी एंव सामाजिक लोग उपस्थित रहे।

## बौद्धो के संस्कारों में एकरूपता लाना संस्था का उद्देश्य : डॉ.चरनदास ढेंगरे

# दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया तहसील शाखा लालबर्रा का पुनर्गठन सम्पन्न

### प्रहलाद मेश्राम अध्यक्ष,अनिल मेश्राम महासचिव, राधेश्याम मेश्राम कोषाध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





भारतीय बौद्धो की सर्वोच्च धार्मिक सामाजिक संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया अर्थात भारतीय बोद्ध महासभा तहसील शाखा लालबर्रा जिला बालाघाट का पुनर्गठन 22 जून 2025 को लालबर्रा के कृष्णा लॉन में संस्था के प्रदेशाध्यक्ष डॉ.चरनदास ढेगरे, म.प्र. राज्य शाखा के मुख्य अतिथि में,जिला उपाध्यक्ष खुशीयाल मेश्राम बौद्धाचार्य की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में हेमलता ताई डोंगरे प्रदेश उपाध्यक्ष,आर.के.कठाने प्रदेश सचिव, राजकपुर कामडे प्रदेश कार्या.सचिव,प्रमीला ताई चौहान जिला कोषाध्यक्ष,देवानंद रंगारे जिला उपाध्यक्ष, प्रमोद चौहान पूर्व तहसील अध्यक्ष लालबर्रा, आर.डी.बंसोड तहसील अध्यक्ष वारासिवनी,पूर्णिमा ताई गनवीर नगर कोषाध्यक्ष बालाघाट आदि मंचासीन थे। सामूहिक पूजा वंदना एवं अतिथियों के स्वागत के पश्चात सभी अतिथियो ने संस्था एंव निर्वाचन पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ.ढेंगरे जी ने संस्था,निर्वाचन,बाबा साहेब एवं उनके परिवार का त्याग आदि पर विस्तृत रूप प्रकाश डाला। उन्होने अपने उदबोधन में बताया कि धम्म संस्था संपूर्ण भारतीय बौद्धो को उनके संपूर्ण संस्कार सिखाती है। संस्था प्रमुख उद्देश्य भारतीय बौद्धो के संस्कारो में पूरे भारत देश में एकरूपता लाना है। जिसके लिये सभी जिला, नगर,तहसील, ग्राम वार्डो में शाखा का गठन, पुनर्गठन कर धम्म प्रशिक्षण शिविरो के माध्यम से निरंतर जारी है। अंत में शाखा को भंग कर नई कार्यकारिणी पुनर्गठन हेतु चयन कमेटी बनाकर कमेटी की अनुशंसा पे डॉ. ढेंगरे जी एवं समारोह अध्यक्ष खुशीयाल मेश्राम जी ने नई कार्यकरिणी की घोषणा की। जिसमें तहसील अध्यक्ष प्रहलाद मेश्राम, महासचिव अनिल मेश्राम, कोषाध्यक्ष राधेश्याम मेश्राम,उपाध्यक्ष-कोमल रंगारे, सुश्री भाग्यश्री मेश्राम, राजकुमार गेडाम, विवेक भिमटे (संरक्षण विभाग),कार्यालय सचिव राजेश चौरे, सचिव-लालचंद चौहान,डा. राजकुमार मेश्राम, विनोद भिमटे, मुकेश रंगारे, योगेश चौहान, संजीवराव गजभिये, लेखा परीक्षक परमानंद डोंगरे,संघठक अनिल उके,परमानंद वैध, अखिलेश मेश्राम, राजेश घोडेसवार एवं कार्यकारिणी सदस्य में धनराज खोब्रागडे, अशोक गेडाम, रेखाताई बागडे, अजय मेश्राम आदि की नियुक्ति कर शाखा का पुनर्गठन सम्पन्न किया। इसी प्रकार जिला के रिक्त पदो में वारासिवनी निवासी एड. अशोक वासनिक सचिव, कुम्हली खैरलांजी निवासी बामसेफ के सक्रिय सदस्य रामदास ठवकर संघठक एवं लालबर्रा निवासी पूर्व तहसील अध्यक्ष प्रमोद चौहान जी को सचिव पद पर नियुक्ति की गई। सभी ने सहमति पत्र देकर संस्था के माध्यम से किये जाने वाले धम्म कार्य को निष्ठा से करेगें ऐसा संकल्प लिया।

## सराफा एसोसियेशन वारासिवनी ने दर्ज कराई सक्रियता से उपस्थिति

# भोपाल में आयोजित हुई मध्यप्रदेश ज्वेलर्स वेल्फेयर डेवलपमेंट एसोसियेशन की वार्षिक कांफ्रेंस

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** विगत दिनों मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित मध्यप्रदेश ज्वेलर्स वेल्फेयर डेवलपमेंट एसोसियेशन द्वारा आयोजित वार्षिक कांफ्रेंस और प्रदेश के इतिहास में पहली बार संपन्न हुई एक्जीबिशन में वारासिवनी सराफा कमेटी के अध्यक्ष संजय रूसिया, सचिव संजय अग्रवाल, सहसचिव मोहित येरपुडे, प्रसिद्ध उद्योगपति एवं व्यवसायी अजय गुप्ता ने सक्रियता से भागीदारी की।



इस दो दिवसीय आयोजन में भारत सरकार के केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश मंत्री विश्वास सारंग, दिल्ली चांदनी चौक सांसद एवं आल इंडिया गोल्ड स्मिथ फेडरेशन के प्रवीण खंडेलवाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज अरोरा, राष्ट्रीय महामंत्री नितिन केडिया और अनेक वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस आयोजन में प्रदेश के छोटे और मझोले शहरों के हजारों व्यापारियों ने उपस्थिति दर्ज कराई और प्रदेश में ही देश के नामी गिरामी आभूषण निर्माताओं से अपने व्यापारिक संबंधों का आगाज किया। इस आयोजन में प्रदेश के सराफा व्यापारियों की समस्याओं, लागू नियमों पर आवश्यक ध्यानाकर्षण, प्रदेश में ज्वेलरी क्लस्टर बनाने के लिए सरकार से अपेक्षा और साहूकार लाइसेंस, शस्त्र लाइसेंस और अन्य विधाई नियमों में आवश्यक परिवर्तन के लिए उपस्थित मंत्रियों से संगठन के प्रदेश सचिव संतोष सराफ ने सराफा जगत की मुखर आवाज बनकर बातें सामने रखी।

गौरतलब है कि उपस्थित व्यापारी बंधुओं को भी जनप्रतिनिधियों से प्रत्यक्ष मुलाकात और चर्चा सहज उपलब्ध करने के लिए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय जैन तत्परता से पूरी टीम के साथ सक्रिय रहे। मध्यप्रदेश शासन और भोपाल पुलिस ने कई चक्रीय सुरक्षा व्यवस्था देकर सफलतापूर्वक आयोजन संपन्न करवाकर प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था पर उंगली उठाने वाले लोगों को भी सकारात्मक जबाब दिया कि पूरे देश के व्यापारी मध्यप्रदेश में सुरक्षित व्यापार करने बेहिचक आ सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस का संविधान सत्याग्रह आज से

हरिभूमि न्यूज सिवनी। ग्वालियर उच्च न्यायालय ने बाबा साहेब अम्बेडकर जी की प्रतिमा स्थापित करने की मांग को लेकर मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार प्रदेश स्तरीय संविधान सत्याग्रह चलाने का निर्णय लिया गया है। संविधान सत्याग्रह कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 24 जून 2025 को शाम 5 बजे बरघाट नाका टैगोर वार्ड जाकर स्थानीय लोगो से बाबा साहेब की प्रतिमा नही लगने देने पर चर्चा की जाऐगी, साथ ही उनके साथ भोजन किया जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने जिला,ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी, मोर्चा संगठन, विभाग, प्रकोष्ठ, वरिष्ठ कांग्रेस जनों, मंडलम, सेक्टर, बूथ कांग्रेस पदाधिकारी एवं कांग्रेस कार्यकताओं से संविधान सत्याग्रह एवं एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### लोक निर्माण विभाग का एक ओर कारनामा उजागर

# ग्राम बगलई में सही सलामत सिमेंटीकरण रोड के ऊपर डामरीकरण!



**केवलारी- सिमेंटीकरण रोड के ऊपर डामरीकरण करना कहाँ तक सही है ये तो सिविल इंजीनियरिंग ही जाने लेकिन जहाँ तक सिमेंट ओर डामर की पकड़ नहीं बनती ये प्रैक्टिकली मेथर्ड का हिस्सा है। केवलारी से उगली मार्ग पर अनेक स्थानों की रोड मे गड्डा रहने के बाद भी सब इंजीयर ओर ठेकेदार की जुगलबंदी ने बगलई गांव मे बनी सीमेंट रोड के ऊपर ही 20 -21 जून की दरमियान गिरते पानी मे रोड बनवा दिया।**

मिली जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग केवलारीके अंतर्गत उगली मार्ग मे 4 किलोमीटर रोड निर्माण का ठेका मेसर्स सदगुरु केपीटल्स को 90 लाख रुपया की स्वीकृति के साथ मिला हुआ है। क्षेत्र मे दिनांक 16 जून से लगातार वर्षा हो रही है, मेसर्स सदगुरु केपीटल के कर्ता धर्ता ओर सब इंजीनियर की जुगलबंदी से बगलई ग्राम के किलोमीटर 4 झोला लिखे पत्थर से लेकर सोसायटी तक लगभग 3/4किलोमीटर तक पहले से सिमेंटीकरण रोड पर टायरिंग गिरते पानी मे कर दिया।

इसी तरह मंडला रोड से सागर पुल ओर सागर पुल से आगे तक डायरिंग कल से दिखाई दे रही है ,जहाँ तक मेनूअल यह कहता है कि बर्षा काल मे डामर वर्क नही होता । पूर्व एसडीओ एस एस चौकसे के रहते हुये भी ठेकेदार के द्वारा टायरिंग का कार्य किया गया था पुरानी रोड को क्यूरीफाई ना करते हुये ठेकेदार राय के द्वारा धुल मिट्टी मे ही डामरीकरण कर रहा था,तभी एसडीओ ने लगभग 200 मीटर रोड उखाड़ कर फिकवा दिया था। बनायी गयी रोड की गुणवत्ता अमानकता ठहराते हुये किये गये कंस्ट्रक्शन का बिल 27 लाख के एवज मे 56 हजार का बिल रिकार्ड किया था, इसी 27 लाख का बिल पास कराने ठेकेदार ने मंत्री संसद को गुमराह कर एसडीओ का स्थांतरण करवाया है। ठेकेदार ने राजगुरु चौबे सब इंजीनियर को करेंट चार्ज दिलवाकर राजनीति दबाब बनाया हुआ हैं । अमानक हो रहे रोड निर्माण कार्य को लेकर रोड निर्माण की जांच कोर कटर टेस्ट से कराये जाने के निर्देश पूर्व एसडीओ ने दिये हुये थे। लेकिन विभाग के अधिकारियों ने काम को महत्व ना देते हुए भ्रष्टाचार को बढ़ाया हुआ है।

### नगरीय निकायों के उप चुनाव

# दो अभ्यर्थियों ने प्रस्तुत किए नाम निर्देशन पत्र

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

नगरीय निकायों के उप निर्वाचन वर्ष 2025 पूर्वार्द्ध कार्यक्रम अंतर्गत सिवनी नगरपालिका के वार्ड क्रमांक 11 के रिक्त पार्षद पद के निर्वाचन के लिए सोमवार 23 जून तक 02 अभ्यर्थियों से नामांकन प्राप्त हुआ है। जिसमें श्रीमती आरती शाह द्वारा कांग्रेस पार्टी से एवं श्रीमती निधि दुबे द्वारा भाजपा से अपना नाम निर्देशन पत्र रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया है। उल्लेखनीय है कि प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की जांच 24 जून को की जाएगी, अभ्यर्थियों से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 26 जून निर्धारित है तथा 26 जून को ही शेष अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन किया जाएगा। सोमवार 7 जुलाई को प्रातः 7:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक मतदान संपन्न होगा तथा मतगणना 10 जुलाई को होगी।

### प्रेक्षक श्री वर्मा ने देखी नाम निर्देशन की व्यवस्थाएं

नगरीय निकाय उप निर्वाचन के लिए नियुक्त प्रेक्षक पी के वर्मा ने सोमवार 23 जून को नाम निर्देशन प्राप्त करने की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने निर्वाचन से जुडे अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन, सहायक रिटर्निंग अधिकारी सी एल चिनाप एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी सुश्री मेघा शर्मा की उपस्थिति रही।

# विधायक रजनीश सिंह एवं कृषकजनों ने जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

23 जून सोमवार को धनौरा ब्लॉक के किसान बंधुओं एवं कार्यकर्ता साथियों ने विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह के गृह निवास पहुँचकर अपनी समस्या से अवगत कराया।

जिसमें क्षेत्रीय विधायक ठा. रजनीश हरवंश सिंह ने क्षेत्रीय जनों की उक्त समस्या को संज्ञान में लिया एवं निराकरण हेतु सभी किसान बंधुओं एवं कार्यकर्ता साथियों के साथ जिला जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुँचे एवं विगत दिनों ग्राम पंचायत सुनवारा में बहुउद्देशीय सहकारी समिति के पुनर्गठन को लेकर विभागीय कर्मचारियों एवं अधिकारियों के द्वारा की गई भारी अनिमित्ता एवं लापरवाही कर एकपक्षीय समिति का गठन किया गया जिसमें समिति प्रबंधक के द्वारा गलत तरीके से समिति सदस्यों का नाम नामांकित कर समिति के गठन हेतु की गई कार्यवाही की गई।

जिसके विरोध में किसानों के साथ जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय सिवनी पहुँचकर कलेक्टर के समक्ष अपनी बात रखी एवं दोषियों पर कार्यवाही की मांग की व नियमविरुद्ध गठित की गई समिति की समस्त प्रक्रिया को निरस्त करते हुए समिति का पुनर्गठन सर्व सम्मति से किए जाने हेतु कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

साथ ही मुकेश जैन , अनीक मोहम्मद खान , हर्षवर्धन सिंह लकी बघेल , डब्लू खान , रज्जन उइके , राजेंद्र बघेल , सतीश बघेल , शेख सामिद मुन्ना भाई , धनंजय मिश्रा , बलराम प्रजापति , नवल चंद्रवंशी , कन्हैया साहू , हरगोविंद चंद्रवंशी , धन सिंह मरावी , ज्ञानचंद्र समेत समस्त क्षेत्रीय कृषक गणों की उपस्थिति रही।

# आज रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज सिवनी। बहुजन समाज पार्टी लखनादौन के तत्वावधान में आज 24 जून 2025 को रानी दुर्गावती प्रतिमा स्थल के पास श्रद्धांजलि सभा का आयोजन सुबह 11 बजे से किया गया है । ज्ञात हो रानी दुर्गावती का जन्म 1524 को कालिंजर के किले में हुआ था । उनके पिता चंदेल वंश के राजा कीरत सिंह थे। 1542 में, उन्होंने गोंड वंश के राजा दलपत शाह से विवाह किया था जो संग्राम शाह के पुत्र थे। दलपत शाह के मृत्यु के बाद रानी दुर्गावती ने अपने नाबालिग पुत्र वीर नारायण की संरक्षिका के रूप शासन संभाला रानी दुर्गावती को उनकी वीरता ,साहस और मुगल बादशाह अकबर के खिलाफ अपने राज्य की रक्षा के लिए जाना जाता है 24 जून 1564 में मुगल सेना के साथ युद्ध में घायल होने पर अपने गोंड राजवंश की लाज रखने एवं अपनी आनबान की खातिर अपनी कटारी से खुद पर वार कर वीरगति प्राप्त कर लिया । श्रद्धांजलि सभा में मुख्य अतिथि उमाकांत बंदेवार जॉन प्रभारी बसपा विशेष अतिथिगण डोमन लाल अहिरवार , तामसिंह परते जिला प्रभारी एड सतीश यादव जिला



उपाध्यक्ष लालसिंह नंदौरे जिला अध्यक्ष उपाध्यक्ष, मुन्न चौधरी जिला महासचिव, प्रेमचंद साहू जिला सचिव, रामभवन डहेरिया जिला कोषाध्यक्ष, मनोहर डहेरिया जिला संयोजक बी व्ही एफ सिवनी जलसों ऊईके प्रभारी लखनादौन एवं जनपद सदस्य घंसौर ,रामसिंह रजक प्रभारी लखनादौन अध्यक्षता एड नरेंद्र अहिरवार करेंगे कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील बाबूलाल सिंगारे छबिलाल कमलेशिया, राजेंद्र बिहुनिया, ओमप्रकाश नंदोरे, सुरेश अहिरवार ,विकाश अहिरवार समीर अहिरवार, समीर नेताम अजय अहिरवार, महाजन धुर्वे आदि लोगों ने की है।

# 24 एमपी बटालियन एनसीसी द्वारा अग्निवीर मॉक टेस्ट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।सेना में जाने का सपना देखने वाले जिले के युवाओं के लिए 24 एमपी बटालियन सिवनी द्वारा अग्निवीर मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए 24 एमपी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल थॉमस ओमन के निर्देश पर सूबेदार गौतम एवं हवलदार गुरप्रीत सिंह उपस्थित रहे। युवाओं को शारीरिक व मेडिकल परिक्षण की बारीकी से जानकारी प्रदान की गई, साथ ही लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। सूबेदार गौतम व हवलदार गुरप्रीत सिंह ने शारीरिक परिक्षण के अंतर्गत पुरुषो के लिए 1600 मीटर दौड़, चिन्नप, सीटप, हाई जंप, लॉन्ग जंप व लड़कियों के लिए 1600 मीटर दौड़, सीटप, हाई जंप, लॉन्ग जंप का आयोजन किया गया। बताया गया कि लड़कों के लिए दौड़ के निर्धारित समय 5.40 मिनट व लड़कियों के लिए 7.40 मिनट है।



जिला अस्पताल से आये हुए डॉक्टर शिववेदी ने आंखों के विजन की जाँच की एवं कुछ युवाओं को विजन करेक्ट के किये एक्सरसाइज बताई गई। मेडिकल परिक्षण के लिए डॉ सूर्या के निर्देश पर राकेश डेहरिया ने उपस्थित होकर घुटने, कोहनी व टैटू आदि का परिक्षण किया। एनसीसी अधिकारी लक्ष्मण पटले व अनिल सिंह राजपूत व पी आई मनोज यादव ने लिखित परीक्षा आयोजन कर युवाओं को प्रश्नों को समय प्रबंधन अनुसार पूर्ण करने के लिए मार्गदर्शन दिया। पी कॉलेज के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पवन कुमार वासनिक ने बताया कि विगत वर्षो से यह मार्गदर्शन शिविर आयोजित किया जा रहा है जिसका लाभ जिले के युवाओं को मिल रहा है व सेना में अग्निवीर पदों पर लगातार चयनित हो रहे है।

पी कॉलेज के प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग ने युवाओं से अपील किया कि इस अवसर का लाभ अवश्य उठाये, साथ ही उन्होंने बटालियन कमान अधिकारी व स्टॉफ के इस प्रयास के लिए सराहना की व धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बारापत्थर क्षेत्र में बढ़ रही सम्माननिय नागरिकों के साथ आपराधिक गतिविधियां, अभद्रता की घटनाएं

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

नगर में बढ़ती जा रही हे गुंडागर्दी कांग्रेस नेता के साथ नाबालिग लड़कों ने की अभद्रता, पुलिस ने दबोचा शहर के वीआईपी क्षेत्र में दिनदहाड़े बदसलूकी की घटना, सफेद पाउडर गैंग पर उठे सवाल, पुलिस ने पकड़े तीनों नाबालिग नगर में कानून व्यवस्था पर सवाल कांग्रेस नेता के साथ 3 नाबालिग लड़कों ने की बदसलूकी वीआईपी इलाके में सफेद पाउडर गिरोह की सक्रियता बढ़ी। सिवनी जिले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के साथ एक बड़ी और चौंकाने वाली घटना सामने आई है। शुक्रवार की शाम बघेल अपने परिवार के साथ बाहर टहलने निकले थे, तभी नगर के प्रमुख स्थान बारापत्थर से बबरिया मार्ग पर कुछ नाबालिग लड़कों ने उनके साथ अभद्रता और बदसलूकी कर दी। बताया जा रहा है कि जब राजा बघेल ने इन लड़कों को उनके आपत्तिजनक व्यवहार के लिए टोका तो उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी और भागने की कोशिश की लेकिन तुरंत ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीनों नाबालिग लड़कों को पकड़ लिया और थाने ले गई। सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार यह क्षेत्र वर्तमान सिवनी विधायक एवं अन्य वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारियों के निवास वाला क्षेत्र है जहां इस तरह की घटनाएं निरंतर बढ़ रही हे दिनभर यहां पर असामाजिक तत्वों द्वारा मोटरसाइकिल से धमा चौकड़ी मचाई जाती हे प्रातः एवं संध्याकालीन भ्रमण में बुजुर्गों एवं महिलाओं के साथ अभद्रता की जाती है कुछ युवक बुलट एवं अन्य मोटरसाइकिलों से से गोलियों की आवाज निकालते हैं एवं कुछ तीव्र गति से यहां पर मोटरसाइकिल दौड़ते हे जिनसे दर्जनों बार दुर्घटनाएं हो चुकी हे जिसके कारण कुछ लोगों की मृत्यु हो गई एवं कुछ लोग अपाहिज हो चुके है।

इसी कारण से कुछ लोगों ने यहां पर भ्रमण करना छोड़ दिया है विशेषकर शाम के समय सफेद पाउडर गंजा शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन के बाद असामाजिक तत्वों द्वारा कि जा घटनाएं आम हो चुकी हे घटना के बाद पुलिस ने आरोपित लड़कों से पूछताछ शुरू कर दी हे बताया जा रहा है कि तीनों लड़के एक विशेष समुदाय से हैं जिससे इलाके में तनाव की स्थिति भी बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों का कहना हे कि इस इलाके में आए दिन असामाजिक तत्वों की सक्रियता बढ़ती जा रही है जगत कुछ बरसों से यहां पर अपराधीक तत्वों का वर्चस्व बढ़ रहा है कुछ दिन पूर्व सिवनी विधायक के निवासरत शास्त्री वार्ड में मेडिकल संचालक के ऊपर जानलेवा हमला हुआ इसके बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा उसके पूर्व विशाल मेगा मार्ट के सामने भाजपा नेता समीर अग्रवाल एवं अन्य सम्मानिय।

नागरिकों के साथ मारपीट एवं अभद्रता की गई उसके पूर्व विगत वर्ष में शास्त्री वार्ड में निलगिरी हनुमान मंदिर के सामने गोली मारकर योगी अग्रवाल नामक युवक की हत्या कर दी गई।

मानेगांव मार्ग पर एक युवक की हत्या कर दी गई ऐसी दर्जनों घटनाएं हैं जो प्रकाश में आई परंतु इन पर किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया बारापत्थर क्षेत्र में अपराधिक तत्वों का वर्चस्व बढ़ रहा नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की हे ताकि शहर की शांति और सुरक्षा बनी रहे वर्तमान में कोतवाली पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और इलाके में गश्त भी बढ़ा दी गई है ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# एक किलो 265 ग्राम गांजे के साथ युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

ग्राम युवा पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभाव से बचाने एवं नशे के सौदागरों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने हेतु सिवनी पुलिस लगातार सख्ती से काम कर रही है, जिसमें समय समय पर न केवल नशा मुक्ति कार्यक्रम चलाये जाते रहे है।

अपितु मादक पदार्थ तस्करी करने वाले कड़ी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के कुशल निर्देशन में अवैध मादक पदार्थ, गाँजा बेचने वाले एवं तस्करी करने वालों के विरूध्द सख्ती से कार्यवाही करते हुये है व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक .डी.शर्मा एवं सी.एस.पी. पूजा पाण्डे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डूण्डासिवनी सतीश तिवारी द्वारा उक्त सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुये डूण्डासिवनी पुलिस को द्वारा गाँजा तस्कर पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई। दिनाँक 22.06.2025 को वाहन चैकिंग के दौरान एक व्यक्ति मोटर सायकल से आ रहा था जो वहाँ खड़े स्टाफ को देखकर गाड़ी वापस मोड़कर वापस जाने जो स्टाफ के द्वारा दौड़कर मोटर सायकल को रोका गया।

जिससे पूछताछ करने पर संदेह होने पर उसकी तलाशी ली गई जो उसके पास से अवैध मादक पदार्थ गाँजा मिला जो मोटर साईकिल में तस्करी करने जा रहा था जिसके पास एक किलो 265 ग्राम गाँजा बरामद हुआ जिसको वैधानिक



कार्यवाही उपरांत माननीय न्यायालय किया गया।

पूछताछ पर आरोपी द्वारा बताया गया उक्त गाँजा आरोपी द्वारा किसी अज्ञात व्यक्ति से उड़ीसा तरफ से लाना बताया है साथ ही आरोपी के पूर्व के हत्या के प्रयास, अवैध हथियार व मारपीट सहित कुल 05 आपराधिक मामले है।

गिरफ्तार आरोपी पवन वरयानी पिता स्व. संतोष वरयानी उम्र 28 साल निवासी बरघाट नाका सिवनी थाना डूण्डासिवनी। 01 किलो 265 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गाँजा कीमती लगभग 16 हजार रूपये (2)-01 मोटर सायकल बजाज प्लेटीना कीमती लगभग 75 हजार रूपये ।

उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक सतीश तिवारी, उपनिरी. मनोज जंघेला, उपनिरी. दामिनी हेड़ाऊ, सउनि. बालकृष्ण त्रिगाम सुंदर श्याम तिवारी, उमेश्वरी चौधरी, नितेश राजपूत, कृष्ण कुमार भालेकर, सीताराम जावरे, अकलेश माहुरे, चन्द्रदीप हिवारे, सध्या धुर्वे की विशेष भूमिका रही।

### इधर,धूमा पुलिस ने पकड़ी 55 लीटर अवैध कच्ची शराब

हरिभूमि न्यूज सिवनी। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के आदेशानुसार अति. पुलिस अधीक्षक सिवनी डी शर्मा के निर्देशन मे तथा श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लखनादौन अपूर्व भलावी के मार्ग दर्शन मे थाना पुलिस स्टाफ द्वारा त्वरित कार्यवाही कर विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली की बंजारी मंदिर के आगे नागनदेवरी रोड मोड के पास दो व्यक्ति एक मोटर साईकिल में अगल बगल तीन कुप्पी एवं एक कुप्पी बीच में रखे खडे हैं जो हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब हैं। सूचना की तस्दीक व वैधानिक कार्यवाही हेतु पुलिस टीम के शराब रेड कार्यवाही हेतु हमराह स्टाफ व गवाहान को लेकर मुखबिर द्वारा बताये स्थान बंजारी मंदिर के आगे नागनदेवरी रोड के पास पहुँचने पर एक CT-100 मोटर साईकिल क्रमांक MP22MJ7699 के पास खड़े दो व्यक्ति दिखे जो पुलिस को देखकर मोटर साईकिल चालूकर भागने लगे जिन्हे हिकमतअमली से मोड पर रोककर पूछताछ किया जो मोटर साईकिल चलाने वाले ने अपना नाम बबलू उर्फ दुर्गेश पिता मुन्नालाल यादव उम्र 31 साल निवासी नागनदेवरी एवं उसके पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम रीझन पिता गजई इनवाती उम्र 45 साल निवासी नागनदेवरी थाना धूमा का होना बताया। जो समक्ष गवाहान तलाशी लेने पर मोटर साईकिल में पीछे बैठा व्यक्ति बीच में एक प्लास्टिक की बोरी में हाथ भट्टी की कच्ची शराब कुल 55 लीटर कीमती करीबन 5,500/- रुपये हाथ भट्टी महुआ की कच्ची शराब मिली। कृत्य अपराध धारा सदर का घटित करना पाया जाने पर मौके पर विधिवत गिरफ्तारी पंचनामा तैयार किया गया। जप्त शुदा सेम्पल व बची शराब को माल खाना में जाकर थाना हेड मोहरिर को सुपुर्द किया गया।

### गिफ्ट अ टेक्स के अंतर्गत भैरोगंज प्राथमिक शाला मे टेबिल बेंच प्रदान किए गए



हरिभूमि न्यूज सिवनी। गिफ्ट अ टेक्स के अंतर्गत आज भैरोगंज प्राथमिक विद्यालय मे टेबिल बेंच 24 सेट प्रदान किए गए। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य डा श्रीमती अराधना राजपूत, भैरोगंज प्राथमिक विद्यालय प्रधान पाठक श्री नरेंद्र मिश्र एम एल बी उ मा विद्यालय के शिक्षक-शिक्षकाए आदि उपस्थित थे। शाला परिवार ने सभी दान दाताओ का अभार व्यक्त किया ।

### डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम सम्पन्न

छपारा- भाजपा मंडल कार्यालय में भाजपा मंडल के पदाधिकारीयों ने प्रसिद्ध भारतीय राजनीतिज्ञ भारतीय जनसंघ के संस्थापक भारत के पहले उद्योग और आपूर्ति मंत्री डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया सर्व प्रथम मुखर्जी के छाया चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किया गया तत्पश्चात उनके बलिदान और राष्ट्र भक्ती पर प्रकाश डाला श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मृत्यु 23 जून 1953 को जम्मू कश्मीर में रहस्यमय परिस्थितियों में हुई थी उनके बलिदान और कार्यों को भारतीय इतिहास में हमेशा याद रखा जाएगा इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह नगरपरिषद अध्यक्ष श्रीमती निशा सुरेश पटेल उपाध्यक्ष शिवाकांत सिंह चक्रेश सिंह पार्षद धर्मेंद्र जैन पूर्व मंडल अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह महामंत्री राघवेन्द्र पाठक सोरभ सिंह सार्थक अग्रवाल गगन साहू आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# उदय पब्लिक स्कूल में ओलिंपिक डे पर हुए खेल गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज सिवनी। शिक्षणिक संस्था उदय पब्लिक स्कूल सिवनी (स्व.श्रीमती वदनबाई ,जतन बाई मालू मेमोरियल सोसाइटी द्वारा संचालित ) सी.बी.एस.ई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालय में छात्र छात्राओ के सर्वांगीण विकास एवं उनके अन्दर छुपी बहुमुखी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताए आयोजित किये जाते है। इसी क्रम में विद्यालय में ओलंपिक डे पर हुई विभिन्न खेल गतिविधियां छात्राओं को दिलाई गई खेल के प्रति अनुशासन की शपत साथ ही विभिन्न कक्षाओं को 40 मिनिट की खेल गतिविधियां आयोजित करवाई गई।

ज्ञातव्य है की सिवनी जिले में शिक्षा की क्षेत्र मे 18 वर्षो से सेवा प्रदान करने वाली सी.बी.एस.ई से मान्यता प्राप्त संस्था को उत्कृष्ट शिक्षण प्रदान करने के साथ साथ अन्य गतिविधियों जेसे खेलकूद , सांस्कृतिक , सामाजिक, स्काउट आदि में ध्यान दिया जाता है एवं विद्यार्थियों को इनमे सम्मलित करके उनके अंदर छुपी हुई बहुमुखी प्रतिभा को निखारने में विशेष ध्यान दिया जाता है ।

# पेंशनर्स एसोसिएशन ने अपने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

25 मार्च 2025 को केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमों और भारत की संचित निधि से पेंशन देनदारियों पर व्यय के सिद्धान्तों के वैद्यकरण से संबंधित विधेयक संसद से पारित हो जाने के फलस्वरूप केन्द्र सरकार को पूर्व पेंशनरों और वर्तमान पेंशनरों में विभेद करने का अधिकारी भी प्राप्त हो गया है। इस प्रकार केन्द्र सरकार के द्वारा पूर्व पेंशनरों एवं वर्तमान पेंशनरों में भेद करने के अधिकार प्राप्त करने से न केवल उच्चतम न्यायालय के विभिन्न निर्णयों का उल्लघन होता है वरन दिनांक 01.01.2016 के पहले व इसके पश्चात के पेंशनरों के मध्य 7वें वेतन आयोग द्वारा प्रदत्त समानता भी समाप्त होने का जोखिम



उत्पन्न हो गया है।

हालॉकि केन्द्र सरकार द्वारा स्पष्ट भी किया गया है कि यह कार्यवाही कतिपय मुकदमों से उत्पन्न स्थिति के कारण करनी पडी है। यदि ऐसा था तो भी उक्त बिल में इस आशय का उल्लेख किया जा सकता था कि यह एक सीमित उद्धेश्य के लिये है एवं इसका कोई प्रभाव आगामी केन्द्रीय वेतन आयोग पर नही पडेगा। किन्तु पेंशनर्स को आशंका है कि इससे जनवरी 2026 के पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारी को आठवे वेतनमान का लाभ प्राप्त नही होगा जिसके विरोध में प्रधानमंत्री भारत सरकार को जिलाध्यक्ष के माध्यम से मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसियेशन सिवनी द्वारा ज्ञापन धनश्याम खण्डेवाल पी.के. चौकसे, संतोष पटले के नेतृत्व में प्रदान किया गया। ज्ञापन प्रस्तुत करते समय पे मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन सिवनी के धनश्याम हेडाउ, दुर्गाप्रसाद शर्मा असदुउल्ला खान, ओ.पी. पाण्डे, शैलेन्द्र गौर, सीताराम बागवान, लक्ष्मीप्रसाद चैहान,जगदीषप्रसाद तागडे,रामकिषन ठाकरे,अजय चैबे, प्रतापसिंह चैहान, धरमचंद शरणागत, केवलप्रसाद गोतम इत्यादि पेंशनर्स जिलाध्यक्ष कार्यालय में पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया।

### राज्य शिक्षक संघ की प्रांतीय बैठक में लिए गए अनेक निर्णय

# सिर्फ शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी समाज में शिक्षक की छबि पर प्रश्नचिन्ह है - मनीष मिश्रा

**घंसौर / शासकीय कर्मचारियों में केवल शिक्षक की ऑनलाइन हाजिरी लगवाना समाज में शिक्षक के पद की गरिमा को धूमिल करने जैसा है, राज्य शिक्षक संघ की भोपाल में आयोजित प्रांतीय बैठक में प्रदेश भर से आए सभी शिक्षकों ने ध्वनिमत से सरकार की इस नीति का विरोध किया।**

संघ ने ऐलान किया कि हम शिक्षक ऑनलाइन हाजिरी तब तक नहीं लगाएंगे जब तक यह मध्य प्रदेश के सभी शासकीय कर्मचारियों के लिए एक साथ लागू नहीं होती।संघ ने दावा किया कि एक तरफ सरकार शासकीय स्कूलों का रिजल्ट बेहतर आने से शिक्षकों की पीठ थपथपाती है वहीं दूसरी ओर ऐसे निर्णय लेकर समाज में शिक्षक को चोर साबित करने की कोशिश भी करती है।

राज्य शिक्षक संघ मध्य प्रदेश की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक रविवार को भोपाल के एमएलए रेस्ट हाउस के सभा कक्ष में संपन्न हुई। प्रांत अध्यक्ष जगदीश यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रदेश भर के संघ की सभी जिला अध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष उपस्थित हुए। सभी ई अटेंडेंस योजना को शिक्षक की गरिमा के प्रतिकूल बताया ।साथ ही सरकार को आश्वस्त किया कि यदि सरकार मध्य प्रदेश के समस्त शासकीय कर्मचारियों के लिए यह योजना लाती है तो शिक्षक संवर्ग सहर्ष इसमें बढ़-चढ़कर सहभागिता करेगा। सिर्फ शिक्षक को इस हेतु निशाना बनाया जाना गुरु पद की भारतीय परंपरा के अनुकूल नहीं है अतः शासन को इस तुगलगी आदेश को पुनः विचार कर तत्काल वापस लेना चाहिए नहीं तो शिक्षकों को मजबूरन आंदोलन की राह पर जाना पड़ेगा इसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी ।

### हट्टा क्षेत्र के ग्राम रतनारा हत्याकांड में पुलिस ने किया खुलासा

# पत्नी ने ही की थी, फावड़े से पति की हत्या




हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के हट्टा थाना क्षेत्र के रतनारा में एक पत्नी ने अपने पति की हत्या कर दी। 31 वर्षीय रेखा दमाहे ने पुलिस को बताया कि उसने 18 जून की रात अपने पति जयकिशोर दमाहे की फावड़े से हत्या की।

रेखा ने बताया कि उसका पति शराब पीकर उस पर चरित्र का आरोप लगाता था। वह उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करता था। घटना वाली रात वह अपने बच्चों को लेकर पड़ोस में रहने वाले जेठ के घर चली गई थी।

देर रात वह चुपचाप अपने घर लौटी। शराब के नशे में सो रहे पति की गर्दन पर फावड़े से वार किया। हत्या के बाद फावड़े को कुएं में फेंक दिया। फिर वह जेठ के घर लौट गई। अगले दिन वह अपनी बहन के घर लालबर्रा चली गई।

19 जून को मृतक के भाई नंदकिशोर ने पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बताया कि जयकिशोर ने रात 11:30 बजे शराब के नशे में पत्नी और बच्चों को मारपीट कर घर से निकाल दिया था। बाद में खुद कमरे में बंद हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर देखा कि जयकिशोर की गर्दन के दाहिनी तरफ चोट के निशान थे और आसपास खून फैला हुआ था।

जांच के दौरान मृतक के परिजनों ने रेखा पर संदेह जताया। पूछताछ में रेखा ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। हट्टा थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अविनाश राठौर के मुताबिक पुलिस ने कुएं से हत्या में प्रयुक्त फावड़ा बरामद कर लिया है।

### कलेक्टर ने ली थोक एवं रिटेलर उर्वरक विक्रेताओं की बैठक

# पीओएस मशीन से उर्वरक का वितरण नहीं करने पर होगी सख्त कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



कलेक्टर श्री मृणाल मीणा ने 23 जून को जिले के थोक एवं रिटेलर उर्वरक विक्रेताओं की बैठक लेकर उर्वरक वितरण की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में उपसंचालक कृषि फुलसिंह मालवीय, राजेश खोबरागढ़े एवं उर्वरक विक्रेता उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री मीणा ने थोक विक्रेताओं से कहा कि वे अपनी आईडी से ही पीओएस मशीन के माध्यम से रिटेलर विक्रेताओं की आईडी में उर्वरक का विक्रय करें। जिले में किसानों को उर्वरक का वितरण पीओएस मशीन के माध्यम से अनिवार्य रूप से किया जाए। कुछ विक्रेताओं द्वारा पीओएस मशीन के माध्यम से उर्वरक का किसानों को विक्रय नहीं किया गया है जिसके कारण ऑनलाईन जिले में उर्वरक की उपलब्धता दिखायी जा रही है। जिससे जिले को उर्वरक की रैक मिलने में समस्या आ सकती है। अतः सभी रिटेलर विक्रेता किसानों को पीओएस मशीन के माध्यम से ही उर्वरक का वितरण सुनिश्चित करें। उर्वरक का विक्रय शासन द्वारा निर्धारित दाम पर ही किया जाना है। किसानों से अधिक दाम लिये जाने पर विक्रेता के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर श्री मीणा ने बैठक में कहा कि कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा उर्वरक विक्रेताओं को प्रतिष्ठानों की जाँच की जाएगी। जाँच के दौरान पीओएस मशीन के रिकॉर्ड और मौके पर उपलब्ध उर्वरक के स्टॉक में अंतर पाये जाने पर संबंधित विक्रेता के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी और एफआईआर दर्ज की जाएगी।

बैठक में उपसंचालक श्री मालवीय ने बताया कि वर्तमान में पीओएस मशीन एल-0 के माध्यम से उर्वरक का विक्रय किया जा रहा है। 01 जुलाई से उर्वरक का विक्रय पीओएस मशीन एल-01 के माध्यम से अनिवार्य रूप से करना है। जिले में कहीं पर भी उर्वरक की कालाबाजारी या जाँच में स्टॉक के सत्यापन में अनियमितता पायी जायेगी तो उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा किया गया योगाभ्यास

**वारासिवनी।** स्थानीय कैरियर हायर सेकेण्डरी स्कूल में कार्यरत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों एवं सेविकाओं द्वारा संचालक प्राचार्य निरंजन बिसेन, सचिव कैरियर शिक्षा समिति वारासिवनी श्रीमती पुष्पा बिसेन एवं कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार मिश्रा के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्थानीय आंबेडकर भवन में आयोजित योग संगम सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कपाल भारती, अनुलोम विलोम, भुजंग आसन, भ्रमरी, वज्रासन आदि प्रमुख रूप से किए गए।

# सांप या जहरीले कीड़े के काटने पर झाड़-फूंक नहीं करायें

## तत्काल अस्पताल में उपचार कराने की सलाह

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

वर्षा ऋतु के दिनों में सर्पदंश की घटनायें अधिक होती हैं और समय पर उपचार नहीं होने के कारण पीड़ित व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है। सर्पदंश के मरीज को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराने पर उसकी जान बचायी जा सकती है। कलेक्टर श्री मृणाल मीणा ने जिले की जनता से अपील की है कि सर्पदंश की घटना होने पर झाड़-फूंक से मरीज को ठीक कराने के चक्कर में न रहें बल्कि मरीज को उपचार के लिए तत्काल निकटतम अस्पताल लाने का प्रयास करें। सांप के काटने पर झाड़-फूंक से नहीं बल्कि एंटी स्नैक वैनम से ही मरीज की जान बचायी जा सकती है। जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं दूरस्थ क्षेत्रों के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में एंटी स्नैक वैनम के इंजेक्शन पर्याप्त संख्या में उपलब्ध है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप ने बताया कि आमजनों को सर्पदंश की स्थिति में मरीज को तत्काल निकटतम अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई है। जिला चिकित्सालय में मरीज को लाने से पहले पास के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र या प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीज को लेकर जाने कहा गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के साथ ही कुछ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में एंटी स्नैक वेनम रखा गया है और इसे लगाने के लिए स्टाफ को प्रशिक्षित भी किया गया है। मरीज को जिला चिकित्सालय लाने में समय गंवाने की बजाय निकटतम अस्पताल में मरीज को लेकर जायें। बरसात के दिनों में सांप काटने के केस अधिक संख्या में सामने आते हैं। सांप काटने में व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है अतः सांप के काटने को अनदेखा न करें। सांप के काटने पर पंडा-पुजारी के चक्कर में ना आयें और झाड़-फूंक के अंधविश्वास में न रहें, ऐसा करने पर मरीज की जान जा सकती है। सांप के काटने पर एंटी स्नैक वैनम ही मरीज की जान बचा सकता है। इसके लिए मरीज को अतिशीघ्र अस्पताल लाना बहुत जरूरी होता है।

डॉ उपलप ने बताया कि सांप के दांत के नीचे विष की थैली होती है। सांप के काटने पर विष की थैली से सीधे शरीर में खून के माध्यम से जहर फैल जाता है। सामान्यतः जहरीले सांपों के काटने पर दांतों के दो निशान अलग ही दिखाई देते हैं। गैर विषैले सांप के काटने पर दो से ज्यादा निशान हो सकते हैं, परन्तु ये निशान दिखाई नहीं देते है। अतः सांप के काटने पर निशान नहीं दिखाई देने पर यह सोचना गलत होगा कि सांप ने नही काटा है। ज्यादातर सांप गैर विषैले भी होते हैं। सांप के काटने पर करीब-करीब 95 प्रतिशत मामलों में पहला लक्षण नींद का आना है, इसके साथ ही निगलने या सांस लेने में तकलीफ होती है, आमतौर पर सांप काटने पर आधे घंटे बाद लक्षण दिखाई देने लगते हैं।

### 2 माह में दावे-आपत्ति की प्रक्रिया होगी पूर्ण, 35 करोड़ का भुगतान करेगा प्रशासन

# भटेरा में बन रहे ब्रिज के लिए 224 घरों का मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में भटेरा ओवरब्रिज निर्माण के लिए चिह्नित की गई 224 दुकानों और मकानों का मूल्यांकन प्रशासन ने 35 करोड़ रुपए किया है। सेतु विभाग ने इसके लिए 20 करोड़ रुपए का प्रावधान किया था। अब प्रशासन ने 15 करोड़ रुपए का अतिरिक्त प्रावधान किया है। प्रशासन ने भवन मालिकों से दावे-आपत्ति मांगने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए 60 दिन का समय दिया गया है। इस प्रक्रिया के बाद ही ओवरब्रिज निर्माण में आने वाले भवनों को हटाया जाएगा।

एसडीएम गोपाल सोनी के अनुसार, भू-अर्जन व्यवस्थापन अधिनियम के तहत नोटिफिकेशन प्रकाशित हो चुकी है। दावे-आपत्ति का निपटारा 60 दिन में किया जाएगा। प्रस्तावित भटेरा ओवरब्रिज 1313 मीटर लंबा और 8.4 मीटर चौड़ा होगा। इस परियोजना में आने वाले भवनों का मूल्यांकन ई-पीडब्ल्यूडी और एमपीआरडीसी ने किया है।

### तकनीकी अधिकारियों की लापरवाही उजागर

# कंजई से बांदरी, बहेगाँव मार्ग का हो रहा घटिया निर्माण?

### ग्रामीणो ने दी डामरीकरण को थूक पालिश की संज्ञा

**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** सरकार आम राहगीरों को सरल और सुलभ आवागमन मुहैया कराने के लिए ग्रामीण क्षेत्रो की सड़कों के निर्माण के लिए भारी बजट आवंटित करती है लेकिन सड़कों के नवनिर्माण में लाखों और करोड़ों खर्च करने के बाद चंद दिनों में ही मार्ग अपनी दुर्दशा पर आंसू बहाने लगता है, मार्ग क्षतिग्रस्त होने लगता है सवाल यह है कि क्या कमीशन खोरी के चलते निर्माण भ्रष्टाचार की भेट चढ़ जाता है चंद ही दिनों में गड्ढे उभर जाते हैं और सरकार की मंशा पर पानी फिर जाता है ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों को मुख्य मार्ग और शहरों की सड़क से जोड़ के देश के विकास की नींव रखी जाती है पर अफसोस इस बात का है की सड़कों के निर्माण में शासकीय राशि का बंडरबाट हो रहा है। जिसे रोकने वाला कोई तो हो।



**कंजई, बांदरी, बहेगांव मार्ग के निर्माण कार्य में चल रही लीपापोती:** इसी तरह का मामला लालबर्रा क्षेत्र का प्रकाश में आया बालाघाट सिवनी मार्ग पर स्थित ग्राम कंजई से बांदरी बहेगाँव मार्ग पर देखने को मिला उक्त मार्ग का डामरीकरण कार्य शुरू है। मार्ग के घटिया निर्माण की कहानी भूपेंद्र रंहागडाले द्वारा मीडिया को बताई गई उन्होंने बताया कि वर्तमान मे कंजई बांदरी बहेगाँव तक मार्ग का डामरीकरण कार्य शुरू है जो निम्न स्तर का दिखाई दे रहा है मार्ग पर डामरीकरण इतना घटिया है की बारिश के दिनों में मार्ग खस्ताहाल हो सकता है डामर की परत कम चढ़ाई जा रही है जिससे पुरानी रोड दिखाई दे रही है जिससे मार्ग की गुणवत्ता का अंदाजा लगाया जा सकता है ग्रामीण ने कलेक्टर से मांग की है कि उक्त मार्ग का निर्माण एस्टीमेट के आधार पर किया जाए नहीं तो मार्ग जल्द ही क्षतिग्रस्त हो जाएगा। वही ग्रामीण रमेश राउत ने बताया मार्ग का घटिया निर्माण जारी है और निर्मित सड़क में जगह-जगह गड्ढे दिखाई दे रहे हैं और मार्ग की साइड पटरीयों में लाल मिट्टी का उपयोग हो रहा है बारिश के दिनों में मिट्टी बह जाएगी। ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता के मानको का ध्यान नहीं रखा जा रहा है और मार्ग का निम्न स्तर का डामरीकरण कार्य कराया जा रहा है जो घटिया है और टिकाऊ भी नहीं है। कलेक्टर साहब मार्ग के निर्माण की गुणवत्ता की जांच कराये और शासकीय राशि का सदुपयोग हो।

**तकनीकी अधिकारियों की लापरवाही उजागर:** लाखों की लागत से कंजई बांदरी बहेगाँव मार्ग का डामरीकरण कार्य शुरू है लेकिन संबंधित विभाग के तकनीकी अधिकारी निर्माण स्थल पर दिखाई ही नहीं दिए, आखिर वह अपनी जिम्मेदारी से क्यों भाग रहे हैं.? तकनीकी अधिकारी का यह दायित्व और कर्तव्य है कि निर्माण स्थल पर तकनीकी मापदंडों का ख्याल रखें और नवनिर्माण कराये। जब ही गुणवत्ता युक्त निर्माण की नींव रखी जा सकती है।

**ठेकेदार द्वारा नहीं लगाया गया, कार्य योजना का साइन बोर्ड:** किसी भी प्रकार का शासकीय निर्माण कार्य शुरू करने से पहले कार्य एजेंसी द्वारा कार्य योजना का सूचना फलक लगाना अनिवार्य है। जिसमें निर्माण कार्य की लागत से लेकर कार्य आरंभ और कार्य समाप्ति दिनांक, मेंटेनेंस, गारंटी और वह समस्त जानकारी अंकित रहती है जिससे आम नागरिकों को तमाम जानकारी उपलब्ध हो जाती है। लेकिन मार्ग का निर्माण करने वाले ठेकेदार द्वारा सूचना बोर्ड क्यों नहीं लगाया जा रहा है यह विचारणीय है. आखिर ठेकेदार जनमानस से तमाम जानकारी क्यों छुपाना चाहते हैं यह बड़ा सवाल है। और मार्ग के निर्माण में भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है?

# फॉर्मर रजिस्ट्री बनाने आज प्रत्येक ग्राम पंचायत में लगेंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना का लाभ लेने के लिये किसान की फॉर्मर रजिस्ट्री होना अनिवार्य है। फार्मर रजिस्ट्री नहीं होने पर किसान को इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा। माह जून 2025 को पीएम किसान योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये किसान की फॉर्मर आईडी का होना अनिवार्य होगा। इसी परिप्रेक्ष्य में मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग मंत्रालय, बल्लभ भवन कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के निर्देशों के परिपालन में 24 जून को जिले की सभी तहसीलों की प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

कलेक्टर श्री मृणाल मीणा ने सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि 24 जून को अपने क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायत में किसानों की फॉर्मर आईडी बनाने के लिये शिविर आयोजित करें। इन शिविरों के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिये गांवों में मुनादी कराने के निर्देश दिये गए है। प्रत्येक शिविर में पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव, कृषि विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, सहकारी समिति के कर्मचारी, ग्राम कोटवार, सर्वेयर की टीम को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिये गए है। फार्मर आईडी बनाये जाने के लिये शेष सभी हितग्राहियों की जानकारी गूगल शीट के माध्यम से उपलब्ध कराने कहा गया है। जिसमे शतप्रतिशत जानकारी दर्ज करना होगा। 24 जून प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रातः 08 बजे से दोपहर 02 बजे एवं अपरान्ह 4 बजे से शाम 6 बजे तक फॉर्मर रजिस्ट्री, के लिये विशेष कैंप आयोजित किये जाएंगे। जिले के किसानों से अपील की गई है कि यदि उनकी फॉर्मर आईडी अब तक नहीं बन पायी है तो 24 जून को उनके ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में जाकर अपनी फार्मर आईडी अवश्य बनवाए।

## जनसंपर्क अधिकारी अनिल पटले ने कार्यभार संभाला



**बालाघाट।** खरगोन से स्थानांतरित होकर आये अनिल कुमार पटले ने 23 जून को जिला जनसंपर्क अधिकारी बालाघाट का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

# आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ब्लॉक किरनापुर द्वारा जिला कोषांलय अधिकारी को सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



विकासखंड किरनापुर के अधिकांश अध्यापक शिक्षकों के डी ए एरियर्स एवं क्रमोन्नति के एरियर्स का भुगतान न होने से कर्मचारी परेशान है, इस संबंध में जिला अध्यक्ष आशीष बिसेन के नेतृत्व में आज किरनापुर ब्लॉक के शिक्षक साथियों द्वारा जिला कोषांलय अधिकारी बालाघाट को ज्ञापन सोपा गया, आशीष बिसेन द्वारा बताया गया कि एरियर्स के बिलों में अनावश्यक आपत्ति लगाकर बिलों का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में कोषालय अधिकारी से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि बिलो में कमी होने के कारण ट्रेज़री द्वारा भुगतान नहीं किया गया है, जितने भी बिल बकाया है उनका एक मांग पत्र विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा भेजा जाएगा, उसे भुगतान करने की अनुमति हेतु जेडी कार्यालय भेजा जाएगा और जैसे ही आयुक्त कोष एवं लेखा द्वारा अनुमति मिल जाती है उसके बाद बिलों का भुगतान शीघ्र ही कर दिया जाएगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आशीष बिसेन, कमलनाथ पाराशर, एमन्त ठाकरे, ओम प्रकाश पारधी, सी एल आड़े, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष जामरे सचिव प्रकाश वैद्य, रूपलाल उइके, राहुल नेवारे, प्रमोद धामने, रंजीत गणवीर जीवन लाल मंसूरे, शैलेंद्र चौहान, शिवनारायण तेलासे, जीवनलाल देशमुख, मनोज मेश्राम सहित अन्य साथी रहे उपस्थित।

## पेड़ से टकराई बाइक, एक शख्स की मौत



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

तहसील मुख्यालय से करीब 08 किमी. दूर कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम महदुली में एक तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे आम के पेड़ से जा टकराई. इस हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई. सड़क हादसा सोमवार की दोपहर लगभग डेढ़ बजे के आस-पास हुआ है. मृतक की पहचान मानेगांव निवासी उदेलाल लांजेवार उम्र 57 वर्ष के रूपb में हुई है. सड़क हादसे की सूचना मिलते ही डॉयल 100 मौके पर पहुंची. इसमें डॅयूटी में तैनात पुलिस कर्मियों ने सड़क हादसे में घायल उदेलाल लांजेवार को पुलिस वाहन से सरकारी अस्पताल कटंगी पहुंचाया. जहां चिकित्सक ने उदेलाल की मौत की पुष्टि कर दी. सड़क हादसे की जानकारी मिलते ही मृतक का पुत्र और नातिन अस्पताल पहुंचे. मृतक के शव का पीएम कर परिजनों के सुपुर्द किया गया. ग्रामीणों ने बताया जाता है कि उदेलाल किसी मादक पदार्थ का सेवन करते थे और इसी मादक पदार्थ के नशे के कारण हादसा होने का अनुमान भी लगाया जा रहा है हालांकि हादसा किन कारणों की वजह से हुआ. पुलिस जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

# नगर पालिका मलांजखण्ड ने मनाया नगर गौरव दिवस

हरिभूमि न्यूज मलाजखंड।




नगरपालिका परिषद मलांजखण्ड ने आज 22 मई को नगरपालिका स्थापना दिवस को गौरव दिवस रूप में धूमधाम से सामुदायिक भवन मोहगांव में मनाया गया , । सर्व प्रथम मां भारती के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्रमशः सांसद प्रतिनिधि प्रशांत जैन , सभापति मधु सेंदरे और नगरपालिका परिषद अध्यक्ष मानसिंह मेरावी ने कहा कि नगर गौरव दिवस मनाने हम यहां एकत्रित हुए परन्तु आज हम सभी संकल्प लेकर अपने जिम्मेदारीयों का निर्वाह करते हुए नगर को गौरवान्वित करने की दिशा में काम ,व पहल करने कि जरूरत है । कुछ काम ऐसा करे ताकि हम सब और हमारा क्षेत्र गौरवांवित हो सके । जब से नगरपालिका की स्थापना हुई तब से हम विकास की ओर अग्रसर होते जा रहा हैं । वर्तमान की परिषद, नगरपालिका अध्यक्ष मानसिंह मेरावी के नेतृत्व में लगातार विकास की ओर संकल्पित हैं । और आगे भी इस दिशा में काम करते रहेंगे । कार्यक्रम के पश्चात नगरपालिका प्रागंण में मां के नाम एक पेड़ भी वृक्षारोपण किया गया ,इस अवसर पर नगरपालिका परिषद मलांजखण्ड के अध्यक्ष मानसिंह मेरावी , सभापति मधु सेन्दरे, सुबेदार सिंह कुशवाहा, राजेंद्र राहंगडाले, मंडल अध्यक्ष सुनील राहांगडाले ,सांसद प्रतिनिधि प्रशांत जैन , महामंत्री विजय वल्के, उपाध्यक्ष संजय श्रीवास, अशोक चौहान, इंद्रपाल बघेल, सतीश लाहोरी , कृष्णा लाहोरी ,ओ. पी. पाराशर, अनील डहेलिया, विकेश कुंभरे, पवीश भादे, राजेश नागेश्वर सहित नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।



